छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित

ए-25, व्ही.आई.पी. इस्टेट, खम्हारडीह, शंकरनगर, रायपुर - 492007

पंजीयन क्रमांक. 225 दिनांक 31.10.2000

दसवीं वार्षिक साधारण सभा

दिनांक : 30 मार्च 2010

समय : दोपहर 2.30 बजे

कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित
ए-25 व्ही.आई.पी.इस्टेट, खम्हारडीह, शंकर नगर, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492007
दूरभाषः (0771) 4065100 से 4065110 तक फैक्स : 2283594
E-mail : cgmfpfed@sancharnet.in Website : www.cgmfpfed.org

क्रमांक/वनो/सह./2010/4819 रायपुर दिनांक 17/03/2010

प्रति,

1. **माननीय श्री मुरारीलाल सिंह, अध्यक्ष,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर
2. **श्री संगेसिंग वट्टी, उपाध्यक्ष,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर, ग्राम पो धनेसरा, तह. नरहरपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छ.ग.
3. **श्रीमती ब्रम्हानी चन्द्राकर, संचालक,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर, ग्राम अछोली, पो अछोली, पो. आमगांव, तह. छुरिया, जिला राजनांदगांव, छ.ग.
4. **श्री रूपनारायण पाण्डेय, संचालक,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर, ग्राम मुड़ीझरिया, पो मुड़ीझरिया, पो. पतरापाली,तह. बैकुण्ठपुर, जिला कोरिया, छ.ग.
5. **श्री पुनीत राम सिन्हा,** संचालक, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर, ग्राम- छेल डोगरी, पो डोगरी, पो. गोहरापदर, थाना व तह. मैनपुर, जिला रायपुर
6. **कार्यकारी संचालक,** भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित, एन.सी.यू.आई, बिल्डिंग दूसरी मंजिल 3, सीरी इन्स्टीट्यूशनल एरिया, अगस्त क्रांति मार्ग, नई दिल्ली - 110016
7. **संचालक,** आदिम जाति कल्याण मंत्रालय, भारत शासन, नई दिल्ली-110016
8. **प्रधान मुख्य वन संरक्षक,** वन विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर.
9. **प्रमुख सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
10. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, आदिम जाति कल्याण विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
11. **सचिव,** छत्तीसगढ़ शासन, सहकारिता विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
12. **पंजीयक,** सहकारी संस्थाएं, छत्तीसगढ़, रायपुर.
13. **मुख्य वन संरक्षक (उत्पादन)** वन विभाग, छत्तीसगढ़, रायपुर.
14. **श्री सतीश पाण्डेय,** विशेष सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वित्त विभाग, मंत्रालय, रायपुर.
15. **प्रबंध संचालक,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर.
16. **श्री बलभद्र सिंह ठाकुर,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, रायपुर, **संघ प्रतिनिधि**, पता-ग्राम बरपानी, पो.सोनपुर व्हाया सांकरा जोंक, जिला रायपुर

17. **श्री रामनारायण,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पूर्व रायपुर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम व पोस्ट फिंगेश्वर, तह.राजिम जिला रायपुर

18. **श्री रविशंकर गोड़,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, महासमुंद, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम सरेकेल पोस्ट तुरेंगा जिला महासमुंद

19. **श्री आलोक सिन्हा,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, धमतरी, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम व पोस्ट नगरी

20. **श्री तीजम सिंह मरावी**, जिला वनोपज सहकारी यूनियन, बिलासपुर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम ठरकपुर, पोस्ट जुहली जिला बिलासपुर

21. **श्री दयाल सिंह यादव,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, मरवाही, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम करगीखुर्द, पोस्ट जोगीसार, जिला बिलासपुर

22. **श्री नृपत सिंह राठिया,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, रायगढ़, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम-बैहामुड़ा, पो बैहामुड़ा, तह.घरघोड़ा

23. **श्रीमती मानकुंवर राठिया,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, धरमजयगढ़, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम बरतापाली, पोस्ट गेरसा, तहसील धरमजयगढ़, जिला रागयढ़

24. **श्री अक्षय कुमार अग्रवाल,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, कटघोरा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम लखनपुर, पोस्ट सुतरी, तह.कटघोरा, जिला कोरबा

25. **श्री उधोराम कश्यम,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, कोरबा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- मु.सण्डैल, पो.सरगबुंदिया, जिला कोरबा

26. **श्री चुन्नीलाल साहू,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, जांजगीर चांपा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- मुकमा पोस्ट किशोरा, जिला जांजगीर चांपा

27. **श्री गंगाराम ठाकुर,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, दुर्ग, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम कंजेली, तहसील बालोद, जिला दुर्ग

28. **श्री मोतीराम उईके,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, खैरागढ़, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम खमपुर, पो.बोरतालाब, तह.डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव

29. **श्री पंचराम धुर्वे,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, कवर्धा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्रम व पोस्ट कुकदुर, तहसील कवर्धा, जिला कबीरधाम

30. **श्री केदारनाथ साहिनी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, जगदलपुर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम व पोस्ट माड़पाल

31. **श्री सुकमन सोढ़ी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, दन्तेवाड़ा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम डारापार, तह.भैरंगढ़, जिला बीजापुर

32. **श्री कवासी रमेश,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, सुकमा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम व पोस्ट रामाराम तह.कोंटा, जिला.द.ब.दंतेवाड़ा

33. **श्री नीलम गनपत,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, बीजापुर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम-गुलापेंट्रा पो.-चंदनगिरी तह. भोपालपटनम जि.-बीजापुर

34. **श्री सुकदास शारदूल,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, दक्षिण कोंडागांव, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम गिरोला, पोस्ट गिरोला, तह.कोडागांव जिला बस्तर

35. **श्री हेमंत शांडिल्य,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, उत्तर कोंडागांव, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम सुरडोंगर, पोस्ट तह.केशकाल, जिला बस्तर

36. **श्री प्रेमलाल,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, उत्तर कोंडागांव, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम बेनूरू, पोस्ट बैनूर, जिला नारायणपुर

37. **श्री दिवाकर बैरागी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पश्चिम भानुप्रतापपुर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम पी.व्ही.39 पोस्ट पी.व्ही.38 तह.पखांजूर जिला उत्तर बस्तर कांकेर

38. **श्री टीकम टांडिया,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पूर्व भानुप्रतापपुर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम व पोस्ट भीरागांव, तह.भानुप्रतापपुर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर

39. **श्री कृष्ण मुरारी यादव,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, उत्तर सरगुजा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम गाजर, पोस्ट रामचंदपुर, जिला सरगुजा

40. **श्री करमदेव,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पूर्व सरगुजा, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम ओंकारनगर, पोस्ट महाराजगंज, जिला सरगुजा

41. **श्री रामराज सिंग,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, मनेन्द्रगढ़, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम चरखर पो. सिंगरौली तह. भरतपुर जिला कोरिया

42. **श्री रामस्वरूप यादव,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, जशपुरनगर, **संघ प्रतिनिधि**,
पता- ग्राम खैरापार, पोस्ट खम्हरिया, तह.बगीचा, जिला जशपुर

विषय :- छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर की दसवीं वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2010 की सूचना ।

संदर्भ :- इस कार्यालय का पत्र क्रमांक/वनो./सह./2010/3764 दिनांक 26.02.2010

कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें । छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर की दसवीं **वार्षिक साधारण सभा दिनांक 30.03.2010 दिन मंगलवार** को व्ही.आई.पी. क्लब, खम्हारडीह, शंकर नगर रायपुर **में** अपरान्ह 2.30 बजे **से आयोजित की सूचना दी गई है** । छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ के सदस्यों अर्थात प्रत्येक जिला वनोपज सहकारी यूनियन से निर्वाचित प्रतिनिधि एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के संचालकों की उपस्थिति प्रार्थनीय है । वार्षिक साधारण सभा निम्नलिखित कार्यसूची पर विचार करने हेतु आहूत है ।

कार्यसूची

विषय क्रमांक - 1 **नवमीं वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 13.03.2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।**

विषय क्रमांक - 2 **वित्तीय वर्ष 2009-10 में किये गये कार्यों का विवरण ।**

विषय क्रमांक - 3 **वित्तीय वर्ष 2010-11 में प्रस्तावित क्रियाकलापों का अनुमोदन**

विषय क्रमांक - 4 **वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए बजट की स्वीकृति ।**

विषय क्रमांक - 5 **वित्तीय वर्ष 2008-09 के वित्तीय पत्रकों का अनुमोदन ।**

अन्य विषय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से ।

नोटः- निर्धारित समय पर गणपूर्ति के अभाव में आयोजित वार्षिक साधारण सभा आधे घण्टे स्थगित होने के पश्चात अपरान्ह 3.00 बजे से पुनः उसी स्थान पर साधारण सभा की कार्यवाही प्रारम्भ की जावेगी ।

कृपया निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर सभा में उपस्थिति प्रार्थनीय है । वार्षिक साधारण सभा की पुस्तिका संलग्न प्रेषित है ।

संलग्न :- उपरोक्तानुसार ।

सही/-

कार्यकारी संचालक (स्थापना/विकास)
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं
विकास सहकारी संघ, मर्यादित रायपुर

अध्यक्षीय उद्‌बोधन

सम्माननीय प्रतिनिधिगण तथा संचालकगण

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ की दसवीं वार्षिक आमसभा में उपस्थित संघ के संचालक मण्डल के माननीय सदस्यों एवं जिला यूनियनो से आये संघ प्रतिनिधियों का मैं हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता हूँ । सहकारिता के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ सहकारिता के त्रिस्तरीय ढाँचे में शीर्ष संस्था के रूप में अपनी 32 जिला यूनियनों एवं 915 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से शासन की नीति के अनुरूप अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग तथा समाज के अन्य गरीब वर्ग के आर्थिक विकास एवं सामाजिक उन्नति को पुनीत उद्‌देश्य मानकर कार्य कर रहा है ।

संग्रहण सीजन 2009 में 14.67 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का संग्रहण हुआ था और इसका विक्रय मूल्य रू. 256.41 करोड़ है ।

संग्रहण वर्ष 2010 में संग्रहित होने वाले तेन्दूपत्तें की अनुमानित मात्रा 16.39 लाख मानक बोरा का अग्रिम निर्वतन किया जा चुका हैं । इसके विक्रय से लगभग रूपये 357.67 करोड़ की राशि प्राप्त होगी । पूर्व के वर्षों की घाटे की राशि के समायोजन के पश्चात लगभग 195 करोड़ रूपये का शुद्ध लाभ होने का अनुमान है, जिससे संग्राहकों को लगभग रूपये 156 करोड़ प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में प्राप्त होने की संभावना है । तेन्दूपत्ता के व्यवसाय में आशातीत सफलता के लिए मैं आप सभी को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ ।

मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया है कि तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2008 से लाभ का विभाजन निम्नानुसार किया जावे :-

क. 80 प्रतिशत राशि संग्राहकों को ''प्रोत्साहन पारिश्रमिक'' के रूप में वितरित की जाये ।

ख. 15 प्रतिशत राशि संग्राहकों समितियों को अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के व्यापार हेतु उपलब्ध कराई जाये । यह राशि समितियों को अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के क्रय एवं विक्रय, भंडारण तथा प्रसंस्करण हेतु उपलब्ध कराई जाएगी । समितियों द्वारा यह कार्य लघु वनोपज संघ के मार्गदर्शन में किया जाएगा ।

ग. शेष 5 प्रतिशत राशि का उपयोग घाटे वाली समितियों के घाटे की अस्थायी प्रतिपूर्ति हेतु परिक्रमण निधि के रूप में संघ मुख्यालय में सुरक्षित रखी जाये ।

उपरोक्त निर्णयानुसार वर्ष 2008 के तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त आय (व्यय घटाकर) की 80 प्रतिशत की राशि रू. 63.95 करोड़ की राशि प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को वितरण हेतु जिला यूनियनों को उपलब्ध कराई गई है ।

अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के क्रय एवं विक्रय, भंडारण तथा प्रसंस्करण हेतु रू. 12.32 करोड़ जिला यूनियनों को उपलब्ध कराई जावेगी तथा शेष राशि रू. 4.10 करोड़ का उपयोग घाटे वाली समितियों के घाटे की अस्थायी प्रतिपूर्ति हेतु परिक्रमण निधि के रूप में संघ मुख्यालय में सुरक्षित रखी है । तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2009 के तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त आय (व्यय घटाकर) लगभग रूपये 122 करोड़ की राशि उपलब्ध है जिसका विभाजन शासन निर्णय अनुसार लाभ का विभाजन किया जावेगा ।

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शासन निर्देशानुसार तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार की एक महिला सदस्य को एक जोड़ी चरणपादुका वितरित की जावेगी । इस हेतु राज्य शासन से लघु वनोपज संघ को रूपये 10 करोड़ की राशि उपलब्ध कराने हेतु शासन द्वारा बजट में प्रावधान किया गया है । रूपये 105.00 प्रति जोड़ी की दर से लगभग 13.741 लाख जोड़ी चरणपादुका क्रय किये जाने की कार्यवाही की जा रही है । हमारा यह प्रयास हैं कि वर्षा ऋतु के पूर्व तक तेन्दूपत्ता संग्राहक महिलाओं को चरणपादुका का वितरण कर दिया जाए ।

राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज संवर्धन एवं विकास हेतु वर्ष 2006-07 में यूरोपियन कमीशन की सहायता से अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज आधारित रोजगारोन्मुखी कार्य परियोजना, जिसकी लागत रूपये 21.20 करोड़ है, प्रारंभ की गई है । इस हेतु अभी तक रूपये 12.72 करोड़ का बजट आबंटन प्राप्त हुआ है । इस राशि से लघु वनोपज का संग्रहण/प्रसंस्करण एवं विपणन को बढ़ावा देने हेतु विभिन्न कार्य, जैसे कि संसाधन सर्वेक्षण, लघु वनोपज आधारित माइक्रोइंटरप्राईजेस स्थापना, विपणन, सूचना प्रबंधन प्रणाली, अनुसंधान एवं विस्तार, प्रमाणीकरण तथा क्षमता विकास आदि कार्य क्रियान्वित किये जा रहे हैं । इससे राज्य के लघु वनोपज संग्राहकों को अतिरिक्त रोजगार एवं आय प्राप्त हो रही है ।

वर्ष 2009-10 में स्व-सहायता समूह/वन समिति/प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के माध्यम से वनोपज संग्रहण/प्रसंस्करण एवं विपणन किये जाने का कार्य संघ द्वारा किया गया है । विभिन्न स्रोतों से प्राप्त राशि से माहुल पत्ता, इमली, आंवला, वनौषधि आधारित माइक्रोइंटरप्राईजेस स्थापित किये गये हैं । समस्त 6 वन वृत्त मुख्यालय पर स्थापित NWFP मार्ट तथा विभिन्न जिला यूनियनों में स्थापित 43 संजीवनी के माध्यम से लघु वनोपज के उत्पादों के विक्रय का कार्य किया जा रहा है । छत्तीसगढ़ हर्बल उत्पाद के प्रचार-प्रसार हेतु वॉल पेंटिंग, एस.एम.एस. एवं टेलीविजन चैनलों के माध्यम से ब्रांड प्रमोशन का कार्य किया जा रहा है । क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 1901 संग्राहकों को विनाश विहीन विदोहन एवं माहुल पत्ता प्रसंस्करण, माहुल फूल संग्रहण एवं प्रसंस्करण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया है । अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता के रूप में प्राप्त 32 करोड़ रूपये की राशि से प्रदेश में 6 क्लस्टर चिन्हित कर लघु वनोपज आधारित बड़े प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना का कार्य प्रगति पर हैं । ट्रायफेड नईदिल्ली की सहायता से माहुल फूल के संग्रहण, भण्डारण एवं प्रसंस्करण की योजना प्रांरभ की गई है । मुझे आशा है कि इन कार्यों से लोगों की आय के साधन में बढ़ोत्तरी होगी ।

राज्य के वनाचंल क्षेत्रों में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों के लाख पालन एवं प्रसंस्करण के माध्यम से आय के साधन उपलब्ध कराने हेतु लघु वनोपज संघ द्वारा स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना के पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग को भेजे गये लाख/ पालन व प्रसंस्करण माइक्रोइंटरप्राइजेस स्थापना संबंधित प्रस्ताव पर भारत सरकार द्वारा दिसम्बर 2009 में स्वीकृति प्राप्त हुयी है । जिसके तहत गरीबी रेखा के नीचे आने वाले लगभग 13000 हितग्राहियों को लाभान्वित किये जाने की योजना है । इस परियोजना की अवधि वर्ष 2009-10 से वर्ष 2013-14 तक होगी । परियोजना की कुल लागत राशि रू. 14.97 करोड़ होगी । प्रथम किश्त के रूप में रू. 2.8084 करोड़ (दो करोड़, अस्सी लाख चौरासी हजार) की राशि भारत शासन द्वारा स्वीकृत की गई है । उक्त परियोजना रायगढ़, कोरबा तथा जॉजगीर चांपा जिला एवं रायपुर जिला यूनियन को छोड़कर शेष जिला यूनियनों में यह परियोजना क्रियान्वित की जा रही है ।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रयासों के फलस्वरूप वर्ष 2008-09 में भी 7198 टन लाख उत्पादन कर छत्तीसगढ़ राज्य पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा । वर्ष 2009-10 में लाख की खेती एवं प्रसंस्करण संबंधी सहायता प्रदान करने के लिए राज्य में 6 लाख फैसिलिटेशन केन्द्रों का निर्माण किया गया । 193 युवाओं को लाख फेसिलिटेटर के रुप में नियुक्ति कर ग्रामीणों को लाख पालन हेतु तकनीकी सहायता प्रदाय की जा रही है । राज्य के बजट में वर्ष 2010-2011 के लिये लाख विकास योजना के लिये रूपये 200 लाख का प्रावधान किया गया हैं । आगामी वर्ष में लाख की खेती एवं प्रशिक्षण के कार्य में और अधिक वृद्धि की जायेगी, ताकि लाख की खेती से ग्रामीणों को अधिक से अधिक आय प्राप्त हो सके ।

यू.एन.डी.पी. - पर्यावरण एवं वन मंत्राालय भारत सरकार से वर्ष 2008-09 से 2010-2011 तीन वर्षो के लिये 2.5 करोड़ की जन सहयोग आधारित जैव विविधता संरक्षण व प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन परियोजना स्वीकृत की गयी है । इस परियोजना के संचालन हेतु जगदलपुर, उत्तर कोण्डागांव एवं कटघोरा वनमंडल के कुल 9365 हेक्टेयर क्षेत्रा का चयन किया गया है । इस परियोजना के अंतर्गत विगत वर्ष में वन एवं गैर वानिकी क्षेत्रोंा के जैव विविधता संरक्षण के कार्य, लघु वनोपज का प्रसंस्करण तथा जड़ी बूटी आधारित स्वास्थ्य सुरक्षा व वनौषधालय की स्थापना के कार्य किये गये हैं । पारम्परिक वैद्यों के द्वारा जड़ी बूटी आधारित स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधित ईथनोबॉटनिकल सर्वे का कार्य परियोजना की विशेष उपलब्धि हैं ।

भारतीय जीवन बीमा निगम की जनश्री बीमा योजना दिनांक 01.05.07 से लागू की गई है, जिसके अंतर्गत समस्त तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया जिनके द्वारा वर्ष 2007 या 2008 में तेन्दूपत्ता तोड़ा गया है । जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य है, बीमित है । इस योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु होने पर रूपये 20,000/-, आंशिक विकलांगता होने पर रूपये 25,000/-, दुर्घटना मृत्यु/पूर्ण विकलांगता होने पर रूपये 50,000/- की राशि स्वयं अथवा उसके आश्रितों को प्राप्त होती है । इस योजना में भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा वर्ष 2009-10 में माह जनवरी तक 4226 दावा प्रकरणों की राशि रूपये 8.81 करोड़ स्वीकृत की गई है ।

इसके अतिरिक्त बीमित मुखिया परिवारों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तथा आई.टी. आई. में पढने वाले 2 बच्चों को रूपये 300/- प्रति तिमाही छात्रवृत्ति प्राप्त होगी । इस योजना के प्रीमियम की 75 प्रतिशत राशि गरीब संग्राहकों के हित में राज्य शासन द्वारा वहन की जा रही है तथा 25 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा की जा रही है ।

जनश्री बीमा योजना से तेन्दूपत्ता सग्राहक परिवार के मुखिया का ही बीमा होता है, शेष संग्राहक बीमा के लाभ से वंचित रह जाते है । इस कारण तेन्दूपत्ता परिवार के मुखिया के अतिरिक्त शेष लगभग 20.65 लाख संग्राहकों के लिए पुरानी समूह बीमा योजना जारी रखी गई है । इस योजना के तहत संग्राहकों की सामान्य मृत्यु होने पर रूपये 3,500/-, दुर्घटना के कारण आंशिक रूप से विकलांगता होने पर रूपये 12,500/- तथा दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता या मृत्यु होने पर रूपये 25,000/- की राशि देने का प्रावधान है । वित्तीय वर्ष 2009-10 में माह जनवरी तक 4136 दावा प्रकरणों की निराकरण कर राशि रूपये 1.97 करोड़ का भुगतान किया गया है ।

संघ के कार्यों के संपादन हेतु अमले की कमी को दूर करने के लिए मेरे द्वारा सतत प्रयास किये गये है । संघ के स्टाफिंग पैटर्न की स्वीकृति के पश्चात रिक्त पदों को भरने के लिए कार्यवाही की गई । दिसम्बर 97 से संघ में लगातार 10 वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाले 29 श्रमिकों का संदेशवाहक के पद पर शासन से प्राप्त सांख्येत्तर पद पर नियमितीकरण किया गया है । डाटा एन्ट्री आपरेटर (संविदा) के पदों को नियमित पद की स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के उपरांत सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु व्यवसायिक शिक्षा मंडल को सहमति हेतु लेख किया गया है । अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग के सहायक ग्रेड -3 के 1 तथा संदेशवाहक के 2 पदों पर सीधी भर्ती से विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्ति की कार्यवाही प्रगति पर है ।

आभार

यह संघ लघु वनोपज तथा वनौषधियों के विकास, संग्रहण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्द्धन एवं प्रशिक्षण की गतिविधियों से लगभग 13.75 लाख लघु वनोपज संग्राहक परिवारों के आर्थिक तथा सामाजिक विकास में उल्लेखनीय योगदान देते हुये पूर्ण सक्षमता से अग्रसर है । मैं राज्य लघु वनोपज संघ की ओर से पुनः आप सभी उपस्थित संघ के संचालक मंडल के माननीय सदस्यगणों, जिला यूनियनों से आए प्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ । आभार की इस कड़ी में मैं, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, वन विभाग एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं संघ के प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े उन सभी वर्ग के सदस्यों एवं संस्थाओं को हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ । साथ ही यह अपेक्षा करता हूँ कि भविष्य में भी मैं आप सभी से इसी प्रकार सहकार भावना के साथ कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवा भाव की अपेक्षा रखता हूँ ।

जय सहकार । जय छत्तीसगढ़ ।

(मुरारी लाल सिंह)
अध्यक्ष

विषय-सूची

अनुक्रमांक	विषय	पृष्ठ क्रमांक
1.	नवमीं वार्षिक साधारण आमसभा दिनांक 13.03.2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।	1-7
2.	वित्तीय वर्ष 2009-10 में किये गये कार्यों का विवरण ।	8-41
3.	वित्तीय वर्ष 2010-11 में प्रस्तावित क्रियाकलापों का अनुमोदन	42-47
4.	वित्तीय वर्ष 2010-11 के लिए बजट की स्वीकृति ।	48-54

<u>विषय क्रमांक - 1</u>

विषय : नवमीं वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 13.03.2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की नवमीं वार्षिक आम सभा संघ के माननीय अध्यक्ष श्री मुरारीलाल सिंह की अध्यक्षता में कार्यालय छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ ए-25, व्ही.आई.पी.इस्टेट के समीप, व्ही.आई.पी.क्लब, खम्हारडीह, शंकर नगर रायपुर में दिनांक 13.03.2009 को अपरांह 2.30 में प्रांरभ की गई ।

बैठक के प्रांरभ में प्रबंध संचालक द्वारा माननीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक सदस्यों एवं सदस्य संस्थाओं से आये निर्वाचित संघ प्रतिनिधियों का हार्दिक स्वागत किया गया । सभी संचालक सदस्यों से निर्वाचित प्रतिनिधियों का परिचय प्राप्ति उपरांत आम सभा की कार्यवाही प्रांरभ की गई ।

साधारण सभा में निम्नानुसार पदाधिकारी उपस्थित रहे :-

1.	**माननीय श्री मुरारीलाल सिंह,** **अध्यक्ष,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित, रायपुर	अध्यक्ष
2.	**श्री सग्गेसिंग बट्टी,** **उपाध्यक्ष,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर	उपाध्यक्ष
3.	**श्रीमती ब्रम्हानी चन्द्राकर,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर	संचालक
4.	**श्री रूपनारायण पाण्डेय,** छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, रायपुर	संचालक
5.	**श्री आर.के.शर्मा,** प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन विभाग, छ.ग. रायपुर	सदस्य
6.	**श्री कौशलेन्द्र सिंह, सचिव, प्रतिनिधि**, अपर मुख्य सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वन विभाग, रायपुर	सदस्य
7.	**श्री पी.आर.नाईक, अपर पंजीयक, वास्ते पंजीयक**, सहकारी संस्थाएं, छ.ग., रायपुर	सदस्य
8.	**श्री अशोक मिश्रा** क्षेत्रीय प्रबंधक, ट्रायफेड, वास्ते कार्यकारी संचालक, भारतीय जनजातिय सहकारी विपणन विकास संघ मर्यादित, नई दिल्ली	सदस्य
9.	**श्री बलभद्र सिंह ठाकुर,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, रायपुर	प्रतिनिधि
10.	**श्री रामनारायण,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पूर्व रायपुर	प्रतिनिधि
11.	**श्री रविशंकर गोड़,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, महासमुंद	प्रतिनिधि

12.	**श्री आलोक सिन्हा,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, धमतरी	प्रतिनिधि
13.	**श्री गंगाराम ठाकुर,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, दुर्ग	प्रतिनिधि
14.	**श्री मोतीराम उईके,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, खैरागढ़	प्रतिनिधि
15.	**श्री पंचराम ध्रुर्वे,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, कवर्धा	प्रतिनिधि
16.	**श्री तीजम सिंह मरावी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, बिलासपुर	प्रतिनिधि
17.	**श्री डोमन सिंह राज,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, मरवाही	प्रतिनिधि
18.	**श्री नृपत सिंह राठिया,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, रायगढ़	प्रतिनिधि
19.	**श्रीमती मानकुंवर राठिया**, जिला वनोपज सहकारी यूनियन, धरमजयगढ़	प्रतिनिधि
20.	**श्री अक्षय कुमार अग्रवाल**, जिला वनोपज सहकारी यूनियन, कटघोरा	प्रतिनिधि
21.	**श्री उधोराम कश्यप,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, कोरबा	प्रतिनिधि
22.	**श्री चुन्नीलाल साहू,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, जांजगीर चांपा	प्रतिनिधि
23.	**श्री रामस्वरूप यादव,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, जशपुरनगर	प्रतिनिधि
24.	**श्री करमदेव,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पूर्व सरगुजा	प्रतिनिधि
25.	**श्री केदारनाथ साहनी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, जगदलपुर	प्रतिनिधि
26.	**श्री नीलम गनपत,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, बीजापुर	प्रतिनिधि
27.	**श्री सुकमन सोढ़ी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, दन्तेवाड़ा	प्रतिनिधि
28.	**श्री सुकदास शारदूल,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, दक्षिण कोंडागांव	प्रतिनिधि
29.	**श्री हेमंत शांडिल्य,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, उत्तर कोंडागांव	प्रतिनिधि
30.	**श्री प्रेमलाल,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, नारायणपुर	प्रतिनिधि
31.	**श्री दिवाकर बैरागी,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पश्चिम भानुप्रतापपुर	प्रतिनिधि
32.	**श्री टीकम टांडिया,** जिला वनोपज सहकारी यूनियन, पूर्व भानुप्रतापपुर	प्रतिनिधि
33.	**श्री ए.के. सिंह, प्रबंध संचालक**, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर	सदस्य

नवमीं वार्षिक साधारण आमसभा की बैठक में श्री बी.एल.सरन, कार्यकारी संचालक (वित्त/व्यापार) एवं श्री आर.सी.रैगर, कार्यकारी संचालक (स्था/विकास) छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ, मर्यादित रायपुर भी उपस्थित रहे ।

बैठक की कार्यवाही प्रांरभ करते हुए सर्वप्रथम संघ के माननीय अध्यक्ष द्वारा अपना अध्यक्षीय उद्‌बोधन दिया गया ।

तदुपरांत सभा में विषयवार विचार-विमर्श करते हुए निम्नानुसार निर्णय लिये गये :-

विषय क्रमांक	विषय	संकल्प (निर्णय)	की गई कार्यवाही
1.	नवमीं वार्षिक साधारण आम सभा दिनांक 13.03.2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि एवं निर्णयों का पालन प्रतिवेदन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा नवमी वार्षिक साधारण सभा दिनांक 13.03.2009 के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई तथा पालन प्रतिवेदन का अनुमोदन किया गया ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
2.	वित्तीय वर्ष 2008-09 में किये गये कार्यों का विवरण ।	वार्षिक आम सभा में संघ के प्रबंध संचालक द्वारा वित्तीय 2008-2009 में किये गये कार्यों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया जिस पर आम सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा चर्चा उपरांत सहमति व्यक्त की गई ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
3.	वित्तीय वर्ष 2009-10 में प्रस्तावित क्रियाकलापों का अनुमोदन ।	प्रबंध संचालक, संघ मुख्यालय द्वारा संघ में वर्ष 2009-2010 में किये जाने वाले प्रस्तावित क्रियाकलापों का विवरण सभा में प्रस्तुत किया गया जिसका सभा में उपस्थित सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
4.	वित्तीय वर्ष 2009-10 हेतु स्वीकृत बजट पर टीप ।	वित्तीय वर्ष 2009-10 के लिए नवमी साधारण आमसभा द्वारा प्रस्तावित बजट का अवलोकन कर चर्चा उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई ।	स्वीकृति बजट के अनुरूप कार्य संपन्न किये गये ।

5.	वित्तीय वर्ष 2000-01 के शुद्ध लाभ के विभाजन का अनुमोदन ।	वित्तीय वर्ष 2000-01 के शुद्ध लाभ के विभाजन का आम सभा में अनुमोदन किया गया ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।
6.	छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की उपविधि की कण्डिका 19, 19 (1) एवं 19 (4) में संशोधन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज (व्यापार एवं विकास) सहकारी संघ मर्यादित रायपुर की उपविधि की कण्डिका 19, 19 (1) एवं 19 (4) में संशोधन का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया । संशोधन के अनुमोदन की स्वीकृति नियमानुसार सहकारिता अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत कार्यकारी संचालक (स्थापना/विकास) संघ से प्राप्त की जाये । यह भी निर्णय लिया गया कि सहकारिता अधिनियम के अतंर्गत स्वीकृति उपरांत उक्त संशोधन के निर्वाचन सम्बंधी अंश का क्रियान्वयन संघ के आगामी संचालक मण्डल के निर्वाचन से प्रभावशील माना जाये ।	संघ की उपविधि की कण्डिका 19, 19(1) एवं 19(4) में संधोशन उपरान्त उसके अनुमोदन की स्वीकृति कार्यकारी संचालक संध द्वारा आदेश क्रमांक 06 दिनांक 05.05.2009 द्वारा दी गई ।
7.	वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के वित्तीय पत्रकों का अनुमोदन ।	वार्षिक साधारण सभा द्वारा वर्ष 2006-07 एवं 2007-08 के वित्तीय पत्रकों का समीक्षा एवं चर्चा उपरांत अनुमोदन किया गया ।	कार्यवाही की आवश्यकता नहीं ।

अतिरिक्त विषय बिन्दु :-

विषय क्रमांक	विषय	संकल्प (निर्णय)	की गई कार्यवाही
1.	आमसभा में यह मुद्दा उठाया गया कि मूलभूत सुविधाओं के विकास के कार्य के सम्बंध में स्वीकृति जिला यूनियन के संचालक मंडल से नहीं ली जाती है ।	इस सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि मूलभूत सुविधाओं के विकास सम्बंधी कार्य के प्रस्ताव प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के संचालक मंडल के द्वारा प्रबंध संचालक, जिला यूनियन को भेजे जाते हैं तथा इसकी स्वीकृति उनके द्वारा की जाती है । जिला यूनियन के संचालक मंडल की प्रत्येक बैठक में कार्यों की प्रगति की समीक्षा की जाये ।	कार्यवाही आवश्यक नहीं ।
2.	अनेक सदस्यों के द्वारा यह मुद्दा उठाया गया कि उनको पर्याप्त जानकारी नहीं हो पाती है ।	यह अवगत कराया गया कि संघ कार्यालय के पत्र क्रमांक/वनो/संघ/सह./2009/1896 दिनांक 07.02.2009 से संघ के द्वारा निर्देश दिये गये हैं कि किन बिन्दुओं पर आम सभा एवं संचालक मंडल की बैठक में चर्चा की जाये । इस पत्र की प्रति भी सभी उपस्थित सदस्यों को उपलब्ध करायी गयी । इस पत्र में सभी महत्वपूर्ण बिन्दु जिला यूनियन के संचालक मंडल की बैठक में चर्चा हेतु सम्मिलित किये गये हैं ।	कार्यवाही आवश्यक नहीं ।

3.	कुछ सदस्यों द्वारा जिला यूनियन के अध्यक्षों को वाहन सुविधा का भी मुद्दा उठाया गया ।	इस सम्बंध में उनको पूर्व के निर्देशों से अवगत कराया गया तथा यह भी बताया गया कि संशोधित वाहन सुविधा के प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जा चुके हैं ।	संघ के संचालक मण्डल की 34 वीं बैठक दिनांक 29.12.2008 के प्रस्ताव क्रमांक 34:10 के अनुरूप तथा तत्संबंध में छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग द्वारा जिला यूनियन के अध्यक्षों के लिये एक वर्ष में 100 दिवस वाहन के उपयोग की स्वीकृति उपरान्त आदेश क्रमांक 8860 दिनांक 03.08.2009 जारी किया जा चुका है ।
4.	छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, जिला यूनियन एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के उपविधि में संशोधन बाबत् ।	सदस्यों को यह भी अवगत कराया गया कि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, जिला यूनियन एवं प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति के उपविधि में संशोधन किया जाना विचाराधीन है । आदर्श उपविधियॉ संघ की वेबसाईट पर प्रदर्शित की गई है तथा सभी से सुझाव आमंत्रित किये गये हैं । अतः संघ प्रतिनिधि अपना सुझाव लिखित में संघ मुख्यालय को प्रेषित कर सकते हैं ।	वनोपज से संबंधित तीनों स्तर की संस्थाओं की आदर्श उपविधियां संघ के वेबसाईट में प्रदर्शित की गई थी । परंतु उसमें संशोधन किये जाने संबंधी कोई प्रस्ताव प्राप्त नही हुआ है । संघ मुख्यालय द्वारा राष्ट्रीय श्रमिक सहकारी संघ से भी वन से संबंधी आदर्श उपविधियां मंगाई गई है । जिनका परीक्षण किया जा रह है ।
5.	कुछ सदस्यों के द्वारा बोनस वितरण एवं मूलभूत सुविधा की राशि संघ मुख्यालय से उपलब्ध न कराई जाने के सम्बंध में भी जानकारी दी गई ।	सदस्यों को अवगत कराया गया कि संग्रहण वर्ष 2007 के कुछ क्रेताओं के द्वारा विक्रय मूल्य की राशि जमा नहीं की गई है, इस कारण बोनस वितरण तथा मूलभूत सुविधा हेतु राशि	कार्यवाही आवश्यक नहीं ।

		उपलब्ध कराया जाना संभव नहीं हो पा रहा है ।	
6.	संघ के संचालक सदस्यों एवं प्रतिनिधियों की समस्याओं के संदर्भ में ।	माननीय अध्यक्ष, संघ के द्वारा यह भी कहा गया कि जो भी समस्याएँ सदस्यों के समक्ष आती हैं, उनको वे किसी भी समय मुझको लिखित में प्रस्तुत कर सकते हैं तथा नियमानुसार उस विषय पर संघ के संचालक मंडल तथा शासन में विचार किया जायेगा ।	संघ अध्यक्ष के मार्फत सदस्यों से संबंधित प्राप्त समस्याओं का संघ स्तर पर नियमानुसार त्वरित कार्यवाही कर निराकरण किया जावेगा ।
7.	जिला यूनियन स्तर पर समस्या / शिकायत के संदर्भ में ।	जिला यूनियन स्तर पर यदि कोई समस्या या शिकायत है तो उसको लिखित रूप में सदस्यों को प्रबंध संचालक, जिला यूनियन को दिया जाना चाहिए, तथा यदि सदस्य आवश्यक समझें तो संघ कार्यालय को भी प्रेषित कर सकते हैं ।	कार्यवाही आवश्यक नहीं ।

अन्त में प्रबंध संचालक द्वारा सभा में उपस्थित सभी सदस्यों का सभा में सक्रिय रूप से भाग लेने हेतु आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया गया । तदुपरांत सभा की कार्यवाही समाप्त की गई ।

<u>विषय क्रमांक - 2</u>

विषय : वित्तीय वर्ष 2009-10 में किये गये कार्यों का विवरण ।

(i) छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ की पद संरचना

संघ के विभिन्न स्तर संघ मुख्यालय, वन संरक्षक एवं पदेन महाप्रबंधक कार्यालय तथा जिला यूनियन कार्यालयों में स्वीकृत पद तथा कार्यरत पदों की संख्या संलग्न **<u>परिशिष्ट 'क'</u>** में दर्शाई गई है । दिसम्बर 97 तक से संघ में लगातार 10 वर्षों की सेवा पूर्ण करने वाले 29 दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का संदेशवाहक के पद पर शासन से प्राप्त सांख्येत्तर पद पर नियमितीकरण किया गया है ।

डाटा एन्ट्री आपरेटर (संविदा) के पदों को नियमित पद की स्वीकृति शासन से प्राप्त होने के उपरांत सीधी भर्ती से भरे जाने हेतु व्यवसायिक शिक्षा मंडल को सहमति हेतु लेख किया गया है । अनुसूचित जनजाति के बैकलॉग के सहायक ग्रेड -3 के 1 तथा संदेशवाहक के 2 पदों पर सीधी भर्ती से विशेष भर्ती अभियान के तहत नियुक्ति की कार्यवाही प्रगति पर है ।

(ii) तेंदूपत्ता संग्राहकों हेतु जनश्री बीमा योजना

भारतीय जीवन बीमा निगम की जनश्री बीमा योजना दिनांक 01.05.07 से लागू की गई है, जिसके अंतर्गत समस्त तेन्दूपत्ता संग्राहक परिवार के मुखिया जिनकी आयु 18 से 59 वर्ष के मध्य है, बीमित है । इस योजना के अंतर्गत सामान्य मृत्यु होने पर रूपये 20,000/-, आंशिक विकलांगता होने पर रूपये 25,000/-, दुर्घटना मृत्यु/पूर्ण विकलांगता होने पर रूपये 50,000/- की राशि स्वयं अथवा उसके आश्रितों को प्राप्त होगी । इस योजना में भारतीय जीवन बीमा निगम के द्वारा वर्ष 2009-10 में माह जनवरी तक 4226 दावा प्रकरणों की राशि रूपये 8.81 करोड़ के दावा राशि स्वीकृत की गई है ।

इसके अतिरिक्त बीमित मुखिया परिवारों के कक्षा 9 वीं से 12 वीं तथा आई.टी. आई. में पढने वाले 2 बच्चों को रूपये 300/- प्रति तिमाही छात्रवृत्ति प्राप्त होगी । इस योजना के प्रीमियम की 75 प्रतिशत राशि गरीब संग्राहकों के हित में राज्य शासन द्वारा वहन की जा रही है तथा 25 प्रतिशत राशि छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा की जा रही है । वर्ष 2009-10 में प्रीमियम की राशि रूपये 10,01,95,000/- भारतीय जीवन बीमा निगम रायपुर को भुगतान किया गया ।

(iii) सामाजिक सुरक्षा समूह जीवन बीमा योजना

जनश्री बीमा योजना से तेन्दूपत्ता सग्राहक परिवार के मुखिया का ही बीमा होता है, शेष संग्राहक बीमा के लाभ से वंचित रह जाते है । इस कारण तेन्दूपत्ता परिवार के मुखिया के अतिरिक्त शेष लगभग 21 लाख संग्राहकों के लिए पुरानी समूह बीमा योजना जारी रखी गई है । इस योजना के तहत संग्राहकों की सामान्य मृत्यु होने पर रूपये 3,500/-, दुर्घटना के कारण आंशिक रूप से विकलांगता होने पर रूपये 12,500/- तथा

दुर्घटना में पूर्ण विकलांगता या मृत्यु होने पर रूपये 25,000/- की राशि देने का प्रावधान है । इस योजना हेतु संग्राहक को देय प्रीमियम का भुगतान नही करना पडता है । वित्तीय वर्ष 2009-10 में समस्त देय प्रीमियम की राशि रूपये 1,67,80,144/- का भुगतान संघ द्वारा किया गया है । वित्तीय वर्ष 2009-10 में माह जनवरी तक 4136 दावा प्रकरणों का निराकरण कर राशि रूपये 1.97 करोड का भुगतान किया गया है ।

(iv) तेन्दूपत्ते का व्यापार

तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2007 के 85 लाटों की मात्रा 1.33 लाख मानक बोरा विक्रय मूल्य रु. 25.55 करोड़, क्रेताओं द्वारा जमा न कराये जाने के कारण उनका क्रेता करारनामा निरस्त कर उक्त लाटों का पुनः निर्वर्तन की कार्यवाही की गई अब तक 9 निविदाओं/नीलामों में 74 लाट, मात्रा 1.18 लाख मानक बोरा रु. 8.69 करोड़ में पुनः विक्रय किया गया तथा इसमें से 5 लाटों की मात्रा 7788.623 मानक बोरा क्रेता द्वारा पुनः छोड़ दिया गया है । इसमें से 4 लाटों की मात्रा 5592.473 मानक बोरा का विक्रय तीसरी बार किया गया है । इन 73 लाटों को पूर्व में विक्रय मूल्य एवं पुनः विक्रय मूल्य में अंतर की राशि संबंधित लाटों के प्रथम क्रेता से वसूली की कार्यवाही की जा रही है । शेष 12 लाटों की 0.16 लाख मानक बोरा मात्रा के निर्वर्तन हेतु कार्यवाही की जा रही है ।

वर्ष 2008 संग्रहण काल में 13.78 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया गया इस प्रकार कुल संग्रहित 13.78 लाख मानक बोरा तेन्दूपत्ता का विक्रय मूल्य रू. 197.62 करोड़ प्राप्त हुआ तथा औसत विक्रय दर रू. 1433.88/- प्रति मानक बोरा प्राप्त हुई । समस्त संग्रहित मात्रा का विक्रय मूल्य प्राप्त हो चुका है ।

वर्ष 2009 संग्रहण काल में संघ द्वारा प्रदेश की कुल 897 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के माध्यम से तेंदूपत्ते का संग्रहण कराया गया । माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्णयानुसार राष्ट्रीय उद्यानों एवं अभ्यारण्यों से तेन्दूपत्ता एवं अन्य लघु वनोपज संग्रहण नहीं किया जाना है, अतः इन क्षेत्रों में भी विगत वर्षों की भाँति वर्ष 2009 में भी तेन्दूपते संग्रहण नहीं किया गया है । तेंदूपत्ते की संग्रहण दर 650/- प्रति मानक बोरा निर्धारित की गई । सम्पूर्ण प्रदेश में बीड़ी बनाने योग्य अनुमानित उत्पादन के लक्ष्य 17.93 लाख मानक बोरा के विरूद्ध अच्छी गुणवत्ता का 14.67 लाख मानक बोरा तेंदूपत्ते का संग्रहण किया गया । पूरे भारतवर्ष में तेन्दूपत्ता की फसल में कमी होने के कारण छत्तीसगढ़ में भी उत्पादन में कमी हुई । अग्रिम में नियुक्त क्रेताओं को संग्रहण केन्द्रों पर ही संग्रहित 14.67 लाख मानक बोरा का परिदान दिया गया, जिसका विक्रय मूल्य रू. 256.41 करोड़ हैं । अग्रिम विक्रय में औसत विक्रय दर रू. 1748.37/- प्रति मानक बोरा प्राप्त हुई । जिला यूनियनवार अग्रिम विक्रय का विवरण **परिशिष्ट 'ख'** में संलग्न है । तेंदूपत्ता कार्य में संलग्न विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि का भी भुगतान संघ की ओर से किया जाता हैं ।

प्रदेश में संग्रहण वर्ष 2010 में लगभग 16.39 लाख मानक बोरे के संग्रहण का अनुमान है । उक्त तेन्दूपत्ता के अग्रिम में निवर्तन हेतु दिनांक 03.01.2010, 19.01.2010 एवं 02.02.2010 को निविदायें आमंत्रित की गई । उक्त तिथियों में प्राप्त निविदाओं में

अनुमानित मात्रा 16.39 लाख मानक बोरा रू. 357.67 करोड़ में विक्रय किया गया, जिससे औसत विक्रय दर रू. 2182/- प्रति मानक बोरा प्राप्त हुई । जिला यूनियनवार निवर्तित लाटों का विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ग'** में संलग्न है ।

(v) सालबीज का व्यापार

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा प्रदेश के 13 सालबीज उत्पादक जिलों में वर्ष 2009 में संग्रहित होने वाले सालबीज अग्रिम निर्वर्तन में प्रदेश की 38 इकाईयों में की अनुमानित लक्ष्य 3.65 लाख क्विंटल था । इन 38 इकाईयों में से 37 इकाईयों की अनुमानित 3.60 लाख क्विंटल मात्रा का अग्रिम में विक्रय हुआ था । अग्रिम विक्रय में सालबीज की औसत विक्रय दर रूपये 1,071 प्रति क्विंटल रही थी । उत्तर कोण्डागांव जिला यूनियन की 1 इकाई का अग्रिम निर्वर्तन नहीं हो सका था । इस वर्ष अत्यधिक विलम्ब से मानसून की वर्षा आने के कारण तथा मानसून पूर्व वर्षा न होने के कारण अनुमान से बहुत अधिक 8.86 लाख क्विंटल सालबीज का संग्रहण हुआ । अग्रिम विक्रित क्रेताओं द्वारा सालबीज का अधिक संग्रहण होने के कारण, संम्भवतः बाजार में मांग में कमी के कारण तथा संभवतः बाजार भाव में गिरावट के कारण अधिकतर क्रेताओं द्वारा क्रेता करारनामे की शर्तो के अनुरूप क्रय मूल्य की राशि जमा कर सालबीज का परिदान नही लिया गया । अग्रिम बिक्रित इकाईयों में संग्रहित 8.78 लाख क्विटल के विरूद्ध अभी तक मात्रा 1.91 लाख क्विंटल सालबीज का 5 अग्रिम विक्रित क्रेताओं में से 2 के द्वारा ही क्रय मूल्य जमा कर पूर्ण परिदान लिया गया ।

क्रेताओं द्वारा नही उठाये जा रहे सालबीज की लगभग 6.87 लाख क्विंटल मात्रा एवं अविक्रित इकाई में संग्रहित मात्रा 0.08 लाख क्विंटल हेतु वनोपज राजकीय व्यापार अन्तर्विभागीय समिति की बैठक दिनांक 12.08.2009 में लिये निर्णय अनुसार Markfed से पुराने बोरे क्रय कर सुरक्षित भण्डारण करने के निर्देश समस्त प्रबंध संचालक, जिला यूनियन को संघ के पत्र क्रमांक 10129 दिनांक 10.09.2009 द्वारा जारी किये गये ।

जिला यूनियन से प्राप्त जानकारी अनुसार भंडारित मात्रा 6.70 लाख क्विंटल एवं अविक्रित इकाई में संग्रहित मात्रा 0.08 लाख क्विंटल कुल 6.78 लाख क्विंटल के निर्वर्तन हेतु दिनांक 10.12.2009, 18.01.2010 एवं 18.02.2010 को निविदाऐं आमंत्रित की गई थी । जिसमें 20 लाटों की 1.98 लाख क्विंटल मात्रा रु. 510/- प्रति क्विंटल की औसत दर पर रूपये 10.08 करोड़ में विक्रित किया गया । शेष मात्रा के वितरण की कार्यवाही की जा रही है ।

अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्रिम विक्रित क्रेता करारनामा समाप्त इकाईयों में क्रेताओं द्वारा 6.95 लाख क्विंटल में से 6.78 लाख क्विंटल का भण्डारण हुआ है एवं शेष मात्रा के भण्डारण का कार्य किया जा रहा है । लाटवार/जिला यूनियनवार विस्तृत जानकारी **परिशिष्ट 'घ'** में संलग्न है ।

संग्रहण वर्ष 2009 के सालबीज संग्राहकों को संग्रहण पारिश्रमिक का भुगतान रू. 1000/- प्रति क्विंटल की दर से कुल रूपये 88.60 करोड़ किया गया ।

(vi) हर्रा का व्यापार

संघ द्वारा प्रदेश के 15 जिलों में अग्रिम में विक्रित हर्रा प्राथमिक समितियों के पर्यवेक्षण में क्रेता द्वारा तथा अग्रिम में अविक्रित हर्रा प्राथमिक समितियों के द्वारा संग्रहित किया जाता है ।

वर्ष 2008-09 में 41830.91 क्विंटल हर्रा, 3084.42 क्विंटल कचरिया एवं 15.70 क्विंटल बालहर्रा का संग्रहण किया गया है, जिसमें से अब तक 41817.98 क्विंटल हर्रा, 3084.42 क्विंटल कचरिया एवं 15.70 क्विंटल बालहर्रा विक्रय हो चुका है, जिसका विक्रय मूल्य रूपये 2.15 करोड़ हैं । 12.93 क्विंटल हर्रा विक्रय हेतु शेष हैं ।

संग्रहण वर्ष 2009-10 में कुल 39 इकाईयों में से 21 इकाईयों का अग्रिम में निवर्तित किया जाकर हर्रा संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2009-10 में हर्रा की संग्रहण दर रु. 375/- प्रति क्विंटल, कचरिया की रु. 937.50 प्रति क्विंटल तथा बाल हर्रा की रूपये 2625/- प्रति क्विंटल निर्धारित की गई हैं । वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में जिला यूनियनवार निर्वर्तित इकाईयों की विस्तृत जानकारी क्रमशः **परिशिष्ट 'ड़', एवं 'च'** में संलग्न प्रेषित है ।

(vii) गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) का व्यापार

कुल्लू वृक्षों में पुनरूत्पादन की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए कुल्लू गोंद संग्रहण दंतेवाड़ा, बस्तर एवं कांकेर जिले को छोड़कर पूरे प्रदेश में प्रतिबंधित है । संघ द्वारा इन जिलों में कुल्लू गोंद संग्रहण प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के पर्यवेक्षण में अग्रिम में नियुक्त क्रेता माध्यम से कराया जा रहा है । वर्ष 2008-09 में कुल्लू गोंद की संग्रहण दर रू. 15400/- प्रति क्विंटल प्रथम श्रेणी के लिये तथा रू. 11000/- द्वितीय श्रेणी के लिये शासन द्वारा निर्धारित की गई है । संग्रहण वर्ष 2008-09 में प्रथम श्रेणी के 863.53 क्विंटल तथा द्वितीय श्रेणी के 0.66 क्विंटल गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) संग्रहण किया गया । गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) संग्रहित मात्रा का निर्वर्तन अग्रिम क्रेता नियुक्त कर कुल रू. 140.01 लाख में किया गया है । औसत विक्रय दर रू. 16201/- प्रति क्विंटल प्राप्त हुई है ।

शासन द्वारा संग्रहण वर्ष 2009-10 के लिये गोंद वर्ग-1 (कुल्लू गोंद) प्रथम श्रेणी के लिये संग्रहण दर रू. 17000/- प्रति क्विंटल एवं द्वितीय श्रेणी के लिये रू. 11000/- प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है तथा प्रदेश की 5 इकाईयों को अग्रिम में निवर्तित किया गया हैं । वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 के कुल्लू गोंद के संग्रहण एवं विक्रय का जिला यूनियनवार विस्तृत विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 'छ' एवं 'ज'** में संलग्न है ।

(viii) गोंद वर्ग-2 (धावड़ा/खैर/बबूल)

वर्ष 2008-09 सीजन में प्रदेश की गोंद वर्ग-2 (धावड़ा/खैर/बबूल) की 8 इकाइयों में 195.00 क्विंटल धावड़ा गोंद एवं 365.00 क्विंटल खैर/बबूल गोंद संग्रहण किया गया । वर्ष 2008-09 हेतु संग्रहण दर निम्नानुसार निर्धारित थी :-

1. खैर/बबूल - 1650/- प्रति क्विंटल
2. धावड़ा - 2750/- प्रति क्विंटल

संग्रहित 195.00 क्विंटल धावड़ा गोंद एवं 365.00 क्विंटल खैर/बबूल गोंद का विक्रय रू. 12.21 लाख में किया जा चुका है ।

संग्रहण वर्ष 2009-10 में कुल 21 इकाईयों में से 11 इकाईयों का अग्रिम में निवर्तित किया जाकर गोंद वर्ग-2 संग्रहण का कार्य प्रगति पर है । वर्ष 2008-09 एवं 2009-10 में जिला यूनियनवार निर्वर्तित इकाईयों का विस्तृत विवरण क्रमशः **परिशिष्ट 'झ' एवं 'ञ'** में संलग्न है ।

(ix) वर्ष 2007 के तेन्दूपत्ता संग्राहकों को प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण

तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2007 में कुल 17.18 लाख मानक बोरा का संग्रहण किया गया था । उक्त तेंदूपत्ता के निर्वर्तन उपरांत प्राप्त आय (व्यय घटाकर) की राशि में से 70 प्रतिशत की राशि रूपये 115.61 करोड़ 727 लाभ वाली समितियों में वितरित करने हेतु जिला यूनियन को उपलब्ध कराई गई । समितियों द्वारा राशि रूपये 113.22 करोड़ जन प्रतिनिधियों के समक्ष वितरित की गई । शेष प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण कार्य प्रगति पर है । संग्रहण वर्ष 2007 में जिला यूनियनवार लाभ में रही समितियों में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में वितरण योग्य राशि एवं वितरित राशि का विवरण **परिशिष्ट 'ट-1'** में संलग्न हैं ।

तेंदूपत्ता संग्रहण वर्ष 2008 में कुल 13.78 लाख मानक बोरा का संग्रहण किया गया था । मंत्रिपरिषद द्वारा निर्णय लिया गया है कि तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2008 से लाभ का विभाजन निम्नानुसार किया जावे :-

क. 80 प्रतिशत राशि संग्राहकों को ''प्रोत्साहन पारिश्रमिक'' के रूप में वितरित की जाये ।

ख. 15 प्रतिशत राशि संग्राहकों समितियों को अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के व्यापार हेतु उपलब्ध कराई जाये । यह राशि समितियों को अराष्ट्रीयकृत लघु वनोपज के क्रय एवं विक्रय, भंडारण तथा प्रसंस्करण हेतु उपलब्ध कराई जाएगी । समितियों द्वारा यह कार्य लघु वनोपज संघ के मार्गदर्शन में किया जाएगा ।

ग. शेष 5 प्रतिशत राशि का उपयोग घाटे वाली समितियों के घाटे की अस्थायी प्रतिपूर्ति हेतु परिक्रमण निधि के रूप में संघ मुख्यालय में सुरक्षित रखी जाये ।

उक्त निर्णय अनुसार वर्ष 2008 के तेंदूपत्ता के निर्वर्तन उपरांत प्राप्त आय (व्यय घटाकर) की राशि में से 80 प्रतिशत की राशि रूपये 63.95 करोड़ 743 लाभ वाली समितियों में वितरित करने हेतु जिला यूनियन को उपलब्ध कराई गई । समितियों द्वारा प्रोत्साहन पारिश्रमिक का वितरण कार्य किया जा रहा है । संग्रहण वर्ष 2008 में जिला यूनियनवार लाभ में रही समितियों में प्रोत्साहन पारिश्रमिक के रूप में वितरण हेतु उपलब्ध कराई गई राशि का विवरण **परिशिष्ट 'ट-2'** में संलग्न हैं ।

(x) मूलभूत सुविधा विकास के कार्य

तेन्दूपत्ता के व्यापार से प्राप्त आय (व्यय को घटाकर) की 15 प्रतिशत राशि ग्रामों की मूलभूत सुविधाओं के विकास में उपयोग की जाती है । मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2007 तक राशि जिला यूनियनों के माध्यम से प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों को उपलब्ध कराई जा चुकी हैं । उक्त कार्य शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश समय-समय पर जिला यूनियन को दिये गये हैं । वर्ष 1999-2000 से वर्ष 2007 तक जिला यूनियनवार कुल उपलब्ध कराई गई राशि एवं प्राथमिक समितियों द्वारा कराये गये कार्यो पर व्यय की गई राशि का वर्षवार विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ठ'** में संलग्न है ।

(xi) वन एवं वनोपज विकास के कार्य

राष्ट्रीयकृत वनोपज के व्यापार के लाभ-व्यय घटाकर प्राप्त शुद्ध राशि के 15 प्रतिशत राशि से वन एवं वनोपज का विकास कार्य कराये जाने का निर्णय शासन द्वारा लिया गया है, जिसमें वन क्षेत्र में, राजस्व क्षेत्र में वन विभाग के सहयोग से लघु वनोपज के उत्पादन में वृद्धि हेतु संरक्षण, संवर्द्धन एवं रोपण कार्य कराये जाते हैं । इस योजना के तहत वनमंडल के अन्तर्गत आने वाले प्राथमिक वनोपज समितियों के क्षेत्र में निम्न कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराये जा रहे हैं :-

1. वन विहीन राजस्व एवं वन विभाग की भूमियों पर स्थानीय मिश्रित प्रजातियों का रोपण ।
2. विभिन्न समितियों के वन विहीन उपयुक्त क्षेत्रों में बांस रोपण ।
3. विभिन्न समितियों के क्षेत्र में परम्परागत रूप से विद्यमान लघु वनोपज जैसे हैरा, आंवला, बहेड़ा, माहुल पत्ता, ईमली एवं अन्य प्रमुख रूप से पायी जाने वाली लघु वनोपज प्रजातियों का बिगड़े वन क्षेत्र में रोपण ।
4. बिगड़े वन क्षेत्रों में सुधार एवं प्रमुख रूप से पायी जाने वाली लघु वनोपज प्रजातियों का रोपण ।
5. बिगड़े वन क्षेत्रों में तथा उससे लगे हुए रिक्त राजस्व वन क्षेत्रों में भूमि एवं जल संरक्षण कार्य तथा स्थानीय वनोपज प्रजातियों के रोपण का कार्य ।

तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 1998 से 2004 एवं सालबीज संग्रहण वर्ष 2007 की उक्तानुसार आय की रूपये 55.47 करोड़ की राशि से वन एवं वनोपज के विकास संबंधी कार्य कराये जाने हैं । इस हेतु जिला यूनियनों को रूपये 15.84 करोड़ की राशि उपलब्ध भी कराई जा चुकी है । जिला यूनियनवार इस हेतु उपलब्ध राशि एवं संघ द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का वर्षवार विस्तृत विवरण **परिशिष्ट 'ड'** में संलग्न है ।

(xii) संघ मुख्यालय एवं जिला यूनियनों के लेखाओं का कम्प्यूटीकरण -

संघ मुख्यालय स्तर पर लेखा संधारण का कार्य ''टैली साफ्टवेयर'' के माध्यम से किया जा रहा हैं । इस हेतु जिला यूनियनों में पदस्थ उप प्रबंध संचालक, लेखापाल एवं सहायक को संघ मुख्यालय में 3 दिवसीय लेखा तथा लेखा को टैली के माध्यम से लेखांकन करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया है । लेखाओं के कम्प्यूटरीकृत व्यवस्था से लेखा तैयार करने में समय की बचत तो हुई ही हैं, लेखाओं के गुणात्मक विश्लेषण में भी सुधार हुआ

हैं । संघ के वित्तीय वर्ष 2008-09 के अंतिम वित्तीय पत्रक (व्यापार पत्रक, लाभ-हानि पत्रक, बैलेंसशीट) तैयार किये जा चुके हैं । इस प्रकार वनोपज संघ का लेखा तैयार करने की दृष्टि से अद्यतन हैं ।

(xiii) संघ विभाजन संबंधी विवाद

राज्य पुर्नगठन के फलस्वरूप 31.10.2000 की स्थिति में पूर्ववर्ती मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ का विभाजन कर पश्चात्वर्ती मध्यप्रदेश राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित भोपाल एवं छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मर्यादित रायपुर का गठन हुआ हैं । उक्त विभाजन में आस्तियों एवं दायित्वों का न्यायोचित विभाजन नहीं किये जाने के कारण तथा आपसी सहमति हेतु छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के प्रयासों को संघ भोपाल द्वारा क्रियान्वित नहीं करने के फलस्वरूप संचालक मण्डल के द्वारा दिये गये निर्देश अनुसार रूपये 93.27 करोड़ की विवादित राशि के संबंध में माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर में विविध याचिका क्रमांक 4958/2008 दायर की गई है जो माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है ।

(xiv) ई-मनी ट्रान्सफर -

